


डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,शनिवार 25 मार्च,2023 वर्ष–07/अंक–303 प्रष्ठ–08/मूल्य–2 रूपये


## शूर्पणखा विवाद में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा करेंगी रेणुका चौधरी

कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री रेणुका चौधरी का कहना है कि वह शूर्पणखा कहे जाने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएंगी। बता दें कि साल 2018 में सदन में अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने रेणुका चौधरी की हंसी पर तंज कसा था और परोक्ष रूप से उनकी हंसी की तुलना रामायण की प्रमुख चरित्र शूर्पणखा से कर दी थी। अब जब सूरत की अदालत ने मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी को दो साल जेल की सजा सुनाई है तो रेणुका चौधरी ने भी प्रधानमंत्री के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराने की बात कही है।

क्या बोलीं रेणुका चौधरी

पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी ने ट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की तरफ इशारा करते हुए उन्हें स्तरहीन बताया और कहा कि उन्होंने मुझे सदन में शूर्पणखा बताया। रेणुका चौधरी ने लिखा कि वह प्रधानमंत्री के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएंगी। उन्होंने ये भी तंज कसा कि देखते हैं अब ये फास्ट कोर्ट कैसे कार्रवाई करते हैं।

बता दें कि 7 फरवरी 2018 को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा को संबोधित कर रहे थे तो उसी दौरान किसी बात पर रेणुका चौधरी जोर से हंस पड़ीं। इस पर प्रधानमंत्री ने तत्कालीन सभापति वेंकैया नायडु से कहा कि श्सभापति जी, मेरी आपसे प्रार्थना है रेणुका जी को आप कुछ मत कहिए। रामायण धारावाहिक के बाद ऐसी हंसी आज सुनने का सौभाग्य मिला है।श प्रधानमंत्री मोदी की इस बात पर सत्ता पक्ष के सांसदों के ठहाकों से सदन गूंज उठा था।

बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को गुरुवार को सूरत की अदालत ने मानहानि के मामले में दो साल की सजा सुनाई है। हालांकि राहुल गांधी को जमानत भी मिल गई और उन्हें 30 दिन का समय मिला है। इस दौरान वह अदालत के फैसले के खिलाफ अपील कर सकेंगे। राहुल गांधी ने साल 2019 में अपने एक संबोधन के दौरान कहा था कि श्क्यों सभी चोरों का उपनाम मोदी ही क्यों होता है।श राहुल गांधी को दो साल की सजा होने पर विपक्षी नेताओं ने फैसले की आलोचना की है और सरकार पर सरकारी एजेंसियों की मदद से विपक्ष को दबाने का आरोप लगाया। कांग्रेस शुक्रवार को राहुल गांधी की सजा के खिलाफ संसद भवन से विजय चौक तक एक विरोध मार्च भी निकेलगी। कई अन्य विपक्षी दलों के नेता भी इस मार्च में शामिल हो सकते हैं।



## ड्रग्स के तंत्र को नष्ट करने की जरूरत,

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज बेंगलुरु में नारकोटिक्स ब्यूरो की क्षेत्रीय बैठक में शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज को नशा मुक्त करने का विजन रखा है और हम उसी पर आगे बढ़ रहे हैं। इसके खिलाफ देश के सभी विभागों, राजनेताओं को आगे आना होगा। गृह मंत्री ने कहा कि ड्रग्स के तंत्र को तीव्रता से नष्ट करने की जरूरत है। एनडीपीएस के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। बता दें कि अमित शाह मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर दक्षिणी राज्योंध केंद्र शासित प्रदेशों के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही।

येदियुरप्पा के आवास पर जाकर मिले

आधिकारिक दौरे से इतर गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सुबह के समय भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के आवास पर जाकर नाश्ता किया और उनके साथ बातचीत की। चुनाव आयोग जल्द ही कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर सकता है। ऐसे में अमित शाह और येदियुरप्पा की इस मुलाकात को अहम माना जा रहा है। दरअसल पार्टी चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार तय करने की प्रक्रिया में है। येदियुरप्पा (80) पार्टी के निर्णय लेने के शीर्ष निकाय संसदीय बोर्ड के सदस्य भी हैं। वह हाल में 'विजय संकल्प यात्रा' के तहत राज्य भर के दौरे पर थे। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, पार्टी की कर्नाटक के प्रभारी महासचिव अरुण सिंह और येदियुरप्पा के छोटे बेटे एवं पार्टी की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र भी नाश्ते पर हुई इस बैठक में उपस्थित थे।



## थाना घिरोर पुलिस ने एक वारंटी किया गिरफ्तार



मुनीश मिश्रा प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना घिरोर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आपके थाने का एक वारंटी कई भागने की फिराक में है पुलिस ने उसको जाकर टोका तो वह भागने लगा पुलिस ने उसको दबोच लिया नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम संतोष पुत्र रनवीर सिंह सिंह जाटव निवासी कोसमा हिं नू द बताया पुलिस ने गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करके न्यायालय भेज दिया।

## गरीबों के मसीहा रहे तिलकधारी पांडे के निधन से शोक की लहर



जौनपुर। जीवन भर गरीबों के अधिकारों और उनके स्वाभिमान के लिए संघर्ष करने वाले महमदपुर , बदलापुर के पूर्व प्रधान तिलकधारी पांडे का आज 95 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। वे काफी अरसे से बदलापुर पड़ाव , जौनपुर स्थित अपने मकान में ही रह रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कल शुक्रवार को वाराणसी में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके अंतिम संस्कार में उनके पुत्र रामप्रकाश पांडे, वेदप्रकाश पांड के अलावा परिवार के लोग तथा रिश्तेदार शामिल होंगे। डॉ श्रीपाल पांडे, शेषनाथ पांडे, श्रीप्रकाश पांडे, रामानंद पांडे, ओम प्रकाश पांडे, पुरुषोत्तम पांडे, विजय शंकर पांडे, डॉ सुभाष चंद्र पांडे, सरपंच कैलाश नाथ पांडे, दया शंकर पांडे, प्रेमप्रकाश दुबे, भगवती पांडे, शिवपूजन पांडे, सन्तोष पांडे, प्रमोद पांडे, विकास पांडे, ओंकार पांडे,अनिल पांडे ,संजय पांडे ,सूरज पांडे ,कमल पांडे, विपिन पांडे ,केशव पांडे,जगदीश पांडे, शेषमणि पांडे , हरिहर पांडे, रामपूजन पांडे,रोशन पांडे, मुरली यादव,बरसाती यादव,लालमणि नाविक, हीरा हरिजन, राम दवर हरिजन, अमरनाथ हरिजन, गामा धोबी आदि ने गहरा दुख प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

## भगतसिंह,राजगुरु, सुखदेव हमारी धरोहर–प्रो.शरद नारायण खरे



शासकीय गर्ल्स कॉलेज में शहीद दिवस पर आयोजन मंडला—देश के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के दांत खट्टे करने वाले क्रांतिकारियो शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस २३ मार्च को शासकीय कन्या स्नातक महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो.शरद नारायण खरे के मार्गदर्शन व डॉ अंजली पंड्या के संयोजन–संचालन में परिसंवाद का आयोजन किया गया,तथा छात्राओं हेतु जागरुकता का संयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में किया गया।

वक्ताओं ने तीनों शहीदों को शौर्य,पराक्रम, देशभक्ति व गौरव का प्रतीक बताया और उनके द्वारा आजादी के लिए दिए गए बलिदान की चर्चा की। इतिहास के प्रोफेसर व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शरद नारायण खरे ने देश के हालातों का वर्णन किया,तथा आजादी के लिए किए संघर्ष के प्रयासों व शहादत का सविस्तार खुलासा ऐतिहासिक साक्ष्यों के साथ किया। आभार प्रदर्शन श्रीमती विजया श्याम ने किया।

## पत्नी की हुयी हत्या मे पति ही निकला हत्यारा, गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र व क्षेत्राधिकारी अतर्रा जियाउद्दीन अहमद के निकट पर्यवेक्षण में थाना फतेहगंज क्षेत्र में दिनांक 20.03.2023 की शाम को हुई महिला की हत्या का सफल अनावरण करते हुए हत्या में शामिल मृतिका के पति को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 20.03.2023 को शाम को करीब 5:00 बजे प्यारेलाल खैरवार पुत्र अच्छेलाल खैरवार निवासी ग्राम बघोलन अंश कुरुह थाना फतेहगंज जनपद बांदा द्वारा अपनी पत्नी बृजरानी जिसकी उम्र करीब 30 वर्ष है, के अत्यधिक शराब पीने की आदत से परेशान होकर विवाद के चलते गुस्से में गला दबाकर हत्या कर दी गई थी तथा पुलिस को गुमराह करने के लिये अभियुक्त (मृतका का पति) द्वारा दिनांक 21.03.2023 को बताया गया कि पत्नी की अकाशी बिजली गिरने से मृत्यु हो गई है। जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर महिला का हत्या होना पाया गया। जिसके सम्बन्ध में मृतिका के पिता द्वारा थाना फतेहगंज में मृतिका के पति के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। मृतिका के पति से कड़ाई से पूंछताछ किया गया तो जुर्म कबूल करते हुए बताया कि मेरी पत्नी अक्सर शराब पीती थी और मुझ से कोई वास्ता नहीं रखती थी जिसके कारण मृतिका से आये दिन विवाद होता रहता था। दिनांक 20.03.2023 को शाम करीब 04.00 बजे मेरी पत्नी के साथ विवाद हुआ था जिसके कारण गुस्से में मैनें अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और मेरे ऊपर कोई शक न करें जिसके लिये मैनें झूंठी अफवाह फैला दी की मेरी पत्नी की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हो गई और इसकी सूचना थानें पर भी दे दिया था। अभियुक्त आज सुबह गांव से भागने की फिराक में था कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक ननकू लाल सोनकर, का0 विमलेश सरोज, का0 शैलेन्द्र यादव मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन कर मनाया हिंदू नव वर्ष

जौनपुर। मीरगंज स्थानीय थाना क्षेत्र के मीरगंज बाजार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों के द्वारा हिंदू नव वर्ष मनाया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी हिंदुओं को जागृत करने के लिए स्वयंसेवक हिंदू नव वर्ष मनाते है।सभी स्वयंसेवक एक जगह एकत्रित होकर सरसंचालक को प्रणाम करने के बाद पथ संचलन शांति पूर्ण ढंग से निकाले।क्षेत्र के वरिष्ठ स्वयंसेवक अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के अंत मे जिला प्रचारक प्रभात ने उपस्थित लोगों को सामाजिक समरसता एवं एकता पर विशेष जानकारी दी।उपरोक्त कार्यक्रम में जिला कार्यवाहक नंद रामजी,माता प्रसाद उपाध्याय,अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह,राजेश सिंह,विहिप के प्रखंड मंत्री नागेंद्र पाण्डेय,जिला संयोजक अनिल कौशल,अरविंद मौर्य,बालेश्वर तिवारी,अभिषेक उपाध्याय,सतीश शुक्ला,रंग बहादुर गौतम के साथ साथ सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया।




## सपा नेताओं ने मनाई डॉ लोहिया की जयंती

बादां। समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय में सपा विधायक विशम्भर सिंह यादव की अगुवाई में महान समाजवादी चिंतक डॉ राममनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। सपा विधायक ने कहा कि डॉ लोहिया आर्थिक गैर बराबरी असमानता के लिए सारी जिंदगी संघर्ष किया। डॉ राममनोहर लोहिया समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए लड़ते रहे। इस दौरान रामभवन चंद्रवंशी, ज्ञानसिंह, पुत्तन सिंह, अखिलेश पाल, जयकिशन जैकी, हरीप्रसाद राजपूत, कालूराम कल्लू यादव, सुमित गुप्ता, संदीप सहित दर्जनों समाजवादी मौजूद रहे।

## फसल काटने गयी दो किशोरी लापता, प्राथमिकी दर्ज

बांदा। बदौसा थाना क्षेत्र के एक ग्राम में खेत पर फसल काटने गई दो किशोरियों के शाम को घर वापस न लौटने पर किशोरी के पिता ने बदौसा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के ग्राम दुबरिया के अंश हलवाई पुरवा निवासी श्यामलाल रैदास ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई कि मेरी 16 वर्षीय बेटी नीता मेरे बेटे लवलेश की साली सिया की 15 वर्षीय पुत्री पूजा पुत्री रंजीत निवासी ग्राम कोर्रही थाना विसंडा दोपहर में बटाई के खेत की फसल काटने खेत गई हुई थी। देर शाम तक दोनों किशोरियों के खेत से वापस न लौटने पर दोनों की काफी खोजबीन की गई परन्तु कोई पता नहीं चल सका है। थानाध्यक्ष विजय कुशवाहा न बताया कि किशोरी के पिता श्यामलाल के शिकायती पत्र पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरियों की तलाश की जा रही है।

# सनशाइन ऑफ इंडिया ने शहीदों की शहादत को किया नमन



कभी वह दिन आएगा, जब अपना राज्य देखेंगे स जब अपनी जमीन होगी और अपना आसंमा होगा मातृभूमि के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले भारत माता के महान सपूत शहीद ए आजम शहीद भगत सिंह सुखदेव व राजगुरु ने अपने अपने परिवार की चिंता किए बगैर अपने देश की खातिर आज ही के दिन खुशी–खुशी फांसी चढ़ गए थे सउनकी शहादत को याद करने के लिए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए 23 मार्च शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है इनका शौर्य और मातृभूमि के प्रति आजादी की ललक सभी युवाओं में साहस भर जाता हैस इन महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता स सनशाइन ऑफ इंडिया द्वारा इन महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए उनकी शहादत को प्रणाम करने के लिए ,उनके कार्यों को याद दिलाने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गयास जिसका आयोजन श्रीमती रेखा हिसार प्रबंधक सनशाइन ऑफ इंडिया ने अपने समन्वयक प्रतिभा शर्मा तृप्ति शर्मा व सुशीला शर्मा की सहायता से किया स जिसने विभिन्न राज्यों के महिलाओ बच्चों व पुरुषों ने भाग लिया स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रविंद्र पाल कौर हरियाणा, द्वितीय स्थान पर सविता बंसल हरियाणा, राजेश तिवारी मक्खन उत्तर प्रदेश, मीना रवि उत्तराखंड तृतीय स्थान पर राधा वाल्मीकि उत्तराखंड रही स विभिन्न स्थानों पर आने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया स और सबसे यही प्रार्थना की गई कि क्रांतिकारियों की शहादत अपने बच्चों को जरूर सुनाएं आजादी कैसे मिली उसकी कहानी उनको जरूर सुनाएं स ताकि वे जान पाए कि जिस खुली हवा वे श्वास ले रहे हैं वह कितनी मुश्किल से मिली है स शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय के योग के विद्यार्थी प्रेम ने जीते स्वर्ण व कांस्य पदक



दिनाक 19 से 21 मार्च 2023 तक जोधपुर में नेशनल योगासना स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित तृतीय सीनियर नेशनल योगासना स्पोर्ट्स चेम्पियनशिप 2022–23 में मेवाड़ विश्वविद्यालय के एमएससी योग प्रथम वर्ष के विद्यार्थी प्रेम राजपुरोहित ने एक गोल्ड मेडल व एक कांस्य पदक हासिल किया।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के योग विभाग की विभागाध्यक्षा सुरभि शर्मा ने बताया कि प्रेम ने आर्टिस्टिक ग्रुप इवेंट में स्वर्ण और आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में कांस्य पदक अपने बेहतरीन प्रदर्शन को दिखाते हुए अपने नाम किये।

योग प्रशिक्षक बप्पा विश्वास ने बताया कि विश्वविद्यालय में अध्ययन करते हुए प्रेम ने योग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में पहले भी राज्य स्तर पर पदक हासिल किए हुए हैं। इस अवसर पर प्रेम राजपुरोहित ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अपने माता – पिता के आशीर्वाद गुरुजनों के सहयोग से प्राप्त हुई है। इस अवसर पर मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ अशोक कुमार गदिया, कुलपति डॉ. आलोक मिश्रा व विभाग की डीन डॉ. चित्रलेखा सिंह और विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों व स्टॉफ ने प्रेम राजपुरोहित को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# श्री विश्वकर्मा चेरिटेबल ट्रस्ट ने की कुरार अग्निकांड पीड़ितों की मदद



,मुंबई । श्री विश्वकर्मा चौरिटेबल ट्रस्ट दहिसर की तरफ से 23 मार्च को मालाड के कुरार विलेज अप्पा पाड़ा में भीषण आग लगने की वजह से दो दर्जन से अधिक घरों में आग लग गई थी,इस अग्निकांड में लोगों का बहुत नुकसान हुआ था।इस अग्निकांड की चपेट में आने वाले अधिकांश मजदूर वर्ग के लोग थे, आपदा में किसी का कुछ नहीं बचा था,अग्निकांड में सब कुछ गवां चुके लोगों की मदद हेतु विश्वकर्मा चौरिटेबल ट्रस्ट विश्वकर्मा समाज सामने आया और संस्था की तरफ से पीड़ितों को कॉपी, नोटबुक, गद्दा, तकिया, चद्दर, साड़ी का सेट, पैंट, चप्पल ,टावेल जरूरतमंद लोगों को वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में रामा विश्वकर्मा, दहिसर पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक जिन पाल वाघमारे , सहायक पुलिस निरीक्षक साइबर क्राइम अंकुश। डांगे ,हरीश सावंत ,श्री शिव शंकर तिवारी , विनोद यादव , राम कुमार गुप्ता ,जटाशंकर सिंह ,मनोज यादव ,डॉ कृष्ण कुमार, राजकुमार विश्वकर्मा, नालासोपारा के कपिल भरवाड , कमलेश विश्वकर्मा, रमाशंकर सीताराम विश्वकर्मा मोती लाल विश्वकर्मा, आदित्य विश्वकर्मा सहित समाज के सैकडों लोग उपस्थित रहे।

# उद्योग न लगाने वाले उद्यमियों के भूखण्ड किये गए निरस्त

कानपुर देहात बैठक में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन राजीव शर्मा ने औद्योगिक क्षेत्र रनिया में स्थित में सुदर्शन डोर्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के नाम अकबरपुर तहसील के अभिलेखों में दर्ज भूमि के कुछ भाग पर कुछ दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए जाने का रखा मामला

जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को ''जिला स्तरीय उद्योग बन्धु'' की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने आई.टी.आई के फोरमैन को निर्देशित किया की विभिन्न इकाईयों में अधिक से अधिक बच्चो को अप्रेन्टिससिप के लिये भेजे। नबीपुर में जनमानस को आने जाने हेतु अंडरपास के सम्बन्ध में उपायुक्त उद्योग ने अवगत कराया कि एन.एच.ए.आई की पी.ए.टी.एस.सी समिति द्वारा इसका अनुमोदन किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने एन.एच.ए.आई के प्रतिनिधियों को अंडरपास एवं रनियां में विद्युत पोल की शिफटिंग के सम्बंध में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये उक्त के अतिरिक्त राजकीय औद्योगिक आस्थान, रनियां में नालीयो की साफ–सफाई, फायर स्टेशन आदि प्रकरणों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया एवं सम्बन्धित अधिकारीयो को उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश भी दिये गये। उपायुक्त उद्योग द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि राजकीय औद्यागिक आस्थान, रनियां में श्री पुरूषोत्तम गुप्ता को भूखण्ड सं0 59,60,61,62 एवं 70 आवंटित है एवं मिनी औद्योगिक आस्थान, झींझक में भूखण्ड सं0 5 के आवंटी श्री जगत सिंह पाल, भूखण्ड सं 6 के आवंटी श्रीमती आशा, भूखण्ड सं 09 के आवंटी श्री वीरेन्द्र पाल भूखण्ड सं0 17 के आवंटी श्रीमती प्रेमलता, भूखण्ड सं0 21 के आवंटी श्री रामचन्द्र पाल, भूखण्ड सं0 22,23 के आवंटी श्रीमती मीना देवी एवं भूखण्ड सं0 25 के आवंटी श्रीमती सुमन अग्निहोत्री है किन्तु उपरोक्त आवंटियो द्वारा अपने–अपने भूखण्डो पर कोई भी उद्योग नही लगाया गया है। उपरोक्त आबंटियो को उद्योग स्थापित करने के लिये अनेको नोटिस भेजी जा चुकी है परन्तु किसी भी आवंटी द्वारा उद्योग लगाने के लिये रूचि नही ली गयी। विस्तृत विचार विमर्श के बाद उद्योग बन्धु समिति की सर्वसम्मति से राजकीय एवं औद्योगिक हित में जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त भूखण्डो को निरस्त करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक बीबी जीपीएस मूर्ति ने सभी उद्यमियों को आश्वस्त किया कि उद्यमियों को पुलिस विभाग की तरफ से हर संभव मदद की जायेगी। जिलाधिकारी ने सी.एस.आर की समीक्षा करते हुये उद्यमियों से शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद आदि क्षेत्रो में सी.एस.आर की धनराशि जनपद में ही व्यय करने की अपेक्षा कि गयी। साथ ही बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया की जिन निवेशको द्वारा एम.ओ.यू. साईन किये गये है उनको हर संभव मदद पहुॅचायी जाये जिससे ये निवेश प्रस्ताव अतिशीघ्र धरातल पर आ सके।

इस बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 जे.पी. गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशवनाथ गुप्त, उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह, सहित इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कानपुर देहात के चेयरमैन राजीव शर्मा इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के को–चेयरमैन रोहित ब्रजपुरिया, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कानपुर देहात के सदस्य दीपक कपूर, आलोक पांडे आलोक जैन, आरके विश्वकर्मा, सुनील पांडेय, उदयवीर सिंह व उद्योग बन्धु समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के मिनी बैंक ग्राहक केंद्र का नहर पुल रूरा में हुआ उदघाटन

अकबरपुर तहसील क्षेत्र के रूरा में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा रूरा से संबंधित ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया बैंक केंद्र का उद्घाटन विधिवत रूप से शाखा प्रबंधक दिनेश चंद्र तथा फील्ड आफीसर भूपेंद्र सिंह भदौरिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया उद्घाटन वही शाखा प्रबंधक ने कहा कि ग्राहकों को सरकार की सभी योजनाओं लाभ पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है साथ ही बैंक मित्र केंद्र संचालक दुर्गेश शुक्ला ने बताया कि ग्राहकों का विश्वास जितना हमारा कार्य होगा ग्राहकों को बैंकिंग की सुविधा यहां से मिलेगी ताकि मुख्य शाखा में भीड़ के कारण ग्राहकों को असुविधा न हो और उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सके तथा रूरा नहर पुल पर केंद्र के खुलने से आसपास के ग्रामीण इलाके के लोगों को काफी सहूलियत होगी जिससे स्थानीय ग्रामीणों में काफी खुशी है इस मौके पर प्रमुख व्यवसायी राम जी गुप्ता, रविशशि द्विवेदी ,ग्राम प्रधान लमहरा प्रमोद शुक्ला ,गुटैहा प्रधान मनोज यादव ,गदनपुर प्रधान हरनाम सिंह ,प्रधानपति कप्तान सिंह , बैंक मित्र दुर्गेश शुक्ला, धर्मेश सिंह राजावत, नन्दन शुक्ला, अखिल, सत्यम, कृष्णा, हर्ष इत्यादि भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे .।

# तीन अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता युवा आदर्श शान्या ने विश्व जल दिवस पर निकाली रैली

कानपुर देहात

भूगर्भ जल पेड़ पौधों के लिए है चूंकि ये चल नहीं सकते चलते। चलते फिरते जीवों को भूमि के ऊपरी परत पर स्थित जल को रूफ वाटर हार्वेस्टिंग और खेत के कोने में जल इकट्ठा करके, तालाब में वर्षा जल को संचित और शोधित करके रोजमर्रा के जीवन में प्रयोग में लाने की ओर कदम बढ़ाना चाहिए वर्षा से मिली बूंद को धरती माता के पेट में सुरक्षित रखना पुनीत कार्य है हमारे पूर्वजों ने पानी को तालाबों और कुओं में देखा और प्रकृति के इस अमूल्य उपहार को निरू शुल्क प्राप्त किया और आज की हमारी युवा पीढ़ी को दो सौ मिली लीटर पानी के लिए भी भुगतान करना पड़ता है जो बहुत ही चिन्ता जनक स्थिति है उक्त बात भारत सरकार के तेरहवें राष्ट्रीय युवा उत्सव में युवा आदर्श पुरस्कार प्राप्त तथा तीन अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शांन्या ने मंण्डी समिति रूरा के पास विश्व जल दिवस पर आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कही आगे शान्या ने कहा कि आज हमारा मानव समाज जमीन के तीसरे स्टेटा से जल ले रहा जो एक हजार साल में रिचार्ज होता है कण्टूर बांध,गली प्लग बांध,गैबियन बांध बनाकर जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पृथ्वी को रिचार्ज करने की आवश्यकता है इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुखबीर सिंह यादव वंशिका, स्नेहि गोपाल जी,उन्नती,पलक,ईशानी,शिवम् खुशी, अर्चना,अदिति ,अंशिका, हेजल ,नैन्शी ,आकृति, अनन्या प्राची पलक अर्पिता खुशहाली, कोयल यादव, स्नेहा यादव, वैशाली, शिवानी सहित चालीसा से अधिक बच्चों ने मंडी समिति रूरा से लेकर विद्युत शक्ति ग्रह , हीरानगर तक जल संरक्षण रैली निकाली....।

# शहीद स्थल तियराकला रामगढ़ में शहादत दिवस पर याद किए गए अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु

सोनभद्र। सम्प्रदायिकता विरोधी दिवस के रूप में शहीद स्थल तियरा कला रामगढ़ सोनभद्र में शहीद आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को माल्यार्पण कर उनका 92 वें शहादत दिवस मनाया गया । मुख्य रूप से भाकपा के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा, माकपा के जिला सचिव कामरेड नंदलाल आर्या और पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट पवन कुमार सिंह एवम् भारतीय विधिक सहायता एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जायसवाल उपस्थित रहें ! जिला सचिव आर के शर्मा ने कहा कि 23 मार्च को हमारे राष्ट्र के तीन नायकों को अंग्रेजों ने भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को फांसी पर लटका दिया था। इसमें कोई संदेह नहीं है, उन्होंने हमारे राष्ट्र के कल्याण के लिए अपने जीवन का बलिदान किया है, वह भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। शहीद भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक हैं ! पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव एड पवन कुमार सिंह ने प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारत के सपूतों की कुर्बानी बेकार नहीं जाएगी। शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी देकर देश को आजादी दिलवाई। इसलिए हम सदैव उन अमर शहीदों के ऋणी रहेंगे।

# प्रीती द्विवेदी ने किया नवोदय साहित्यिक मंच की पत्रिका नवोदय निर्झरिणी अंक-७ का विमोचन




नवोदय साहित्यिक मंच पर ऑनलाइन होकर कवयित्री, प्रीती द्विवेदी ने नवोदय साहित्यिक मंच की पत्रिका नवोदय निर्झरिणी अंक–७ के विमोचन को संपन्न किया। उन्होंने कहा इस बार की पत्रिका बहुत ही सुंदर बनी है और अलंकरण से सुसज्जित है। और विमोचन का अवसर प्रदान करने के लिए मंच के संस्थापक डॉ. ओउम् प्रकाश मिश्र मधुब्रत जी और कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कान्त मिश्र दोनों का आभार व्यक्त किया। तथा पत्रिका में सम्मिलित सभी रचनाकारों को बधाई प्रेषित किया। इस अवसर पर पत्रिका के संपादक कृष्ण कान्त मिश्र ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर विमोचनकर्त्री का लगातार हौसला आफजाई करते रहे। तथा साथ ही साथ मंच की उपाध्यक्षा सह–संपादिका डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय भी अपनी उपस्थिति देकर अपने टिप्पणी से साक्षी भाव व्यक्त किया। इसी क्रम में मंच के संस्थापक अध्यक्ष डॉ० ओउम् प्रकाश मिश्र मधुब्रत जी ने विमोचनकर्त्री प्रीती जी के विमोचन में अपना स्नेहाशीष रूपी टिप्पणी प्रदान किया एवं उनका धन्यवाद ज्ञापित कर सभी सम्मिलित रचनाकारों को बधाई प्रेषित किया। इसके अलावा मंच पर अन्य रचनाकार गौतम सिंह अनजान, शशिकला नायक, रुपा माला, रचना पाण्डेय, कुलदीप सिंह रुहेला, रोहित रोज, स्वर्णलता सोन आदि सुप्रसिद्ध कवि कवयित्री उपस्थित रहें। मंच के प्रमाणन अधिकारी व सुप्रसिद्ध छंदाचार्य लवकुश तिवारी जी ने अपने आशीषरूपी टिप्पणियों से कार्यक्रम को सफल बनाया और सकारात्मक टिप्पणियों से विमोचनकर्त्री का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी सम्मिलित रचनाकारों को नवोदय निर्झरिणी साक्षी सम्मान से सम्मानित किया गया।

# जनपद के विभिन्न मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ तहसील व विकास खंड स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया

शासन के निर्देशों के क्रम में आज जनपद के समस्त तहसीलों व विकास खंडों में स्थित प्रसिद्ध मंदिरों में चौत नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गा सप्तशती का पाठ किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में आज जनपद की विभिन्न तहसीलों तथा विकासखंड स्तर पर प्रसिद्ध मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। दुर्गा सप्तशती का पाठ जनपद स्तर पर मां कालिका देवी मंदिर, अकबरपुर में भी किया गया, जिसमें माननीय विधायक, अकबरपुर (रनिया) व राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार श्रीमती प्रतिभा शुक्ल व माव एमएलसीधजिला अध्यक्ष भाजपा श्री अविनाश सिंह चौहान द्वारा शिरकत की गई वहीं जिलाधिकारी नेजा जैन भी उपस्थिति रहीं। माननीय विधायक अकबरपुर श्रीमती प्रतिभा शुक्ला व भाजपा जिलाध्यक्षध एमएलसी श्री अविनाश सिंह चौहान द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए पूजा अर्चना की तथा पूर्ण विधि विधान के साथ पूजन किया एवं वहां उपस्थित छात्राओं को फल व मिठाई वितरित की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जैसा सनातन धर्म में विदित है कि जिस परिवार में अथवा जिस किसी के द्वारा भी यह दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है वह धन संपदा से परिपूर्ण रहता है तथा निरोगी भी रहता है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कराये जा रहे दुर्गा सप्तशती के पाठ के आयोजन का महत्व, नारी शक्ति को बढ़ावा देना है, जो इसके माध्यम से पूर्ण हुआ है। इस मौके पर उन्होंने कालिका देवी मंदिर में पूजा अर्चना की तथा सभी को धर्म से जुड़े रहने व धर्म के मार्ग पर चलने हेतु प्रोत्साहित किया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी, गोरखनाथ भट्ट, जिला सूचना अधिकारी, नरेंद्र मोहन, सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिहार दिवस पर शिक्षकगण सम्मानित



बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित अक्षयवट राय स्टेडियम हाजीपुर में वैशाली कला मंच पर वीरेंद्र नारायण जिला शिक्षा पदाधिकारी ,वैशाली और राजन गिरि, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,समग्र शिक्षा ,वैशाली ने शिक्षकों को सम्मानित किया ।जिला प्रशासन ,वैशाली के तत्वाधान में आयोजित बिहार दिवस उत्सव कार्यक्रम में उत्कृष्ट सहयोग व भागीदारी के लिए यह सम्मान प्रदान करते हुए पदाधिकारियों ने शिक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक कामना की। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में कौसर परवेज खां,सुधांशु कुमार चक्रवर्ती,विश्वजीत कुमार,संजीव कुमार शर्मा,शिवम कुमार,सत्यप्रकाश कुमार,जया,ममता कुमारी,शालिनी कुमारी,सुधाकर कांत चक्रवर्ती,मुकेश कुमार और जाहिद आलम शामिल थे ।सम्मान समारोह कार्यक्रम में बिहार शिक्षा परियोजना ,वैशाली के कार्यक्रम सहायक ,खुर्शीद अख्तर,मीडिया समन्वयक नसीम आलम,गोपी नाथ झा और राजीव रंजन की गरिमामय उपस्थिति थी।


आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवमं
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पैजमेकर आपरेटर, विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,

# राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बीच किंग चार्ल्स का पेरिस दौरा रद्द

फ्रांस में पेंशन सुधारों के खिलाफ बड़े पैमाने पर हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय की पेरिस की राजकीय यात्रा स्थगित कर दी गई है। राष्ट्रपति इमैनुएल के कार्यालय से एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, फ्रांस में मंगलवार 28 मार्च को पेंशन सुधार के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन की घोषणा को देखते हुए किंग चार्ल्स तृतीय की यात्रा स्थगित कर दी जाएगी। किंग की हमारे देश की यात्रा 26 से 29 मार्च तक के लिए निर्धारित थी। किंग को बुधवार को जर्मनी जाने से पहले सम्राट के रूप में अपनी पहली राजकीय यात्रा पर रविवार को फ्रांस आना था। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से बयान में कहा गया, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और किंग चार्ल्स तृतीय के बीच आज सुबह टेलीफोन पर बातचीत हुई, जिसके बाद फ्रांसीसी और ब्रिटिश सरकार ने यह फैसला लिया, ताकि किंग चार्ल्स तृतीय का स्वागत उन शर्तों के तहत किया जा सके जो हमारे दोस्ती के रिश्ते के अनुरूप हैं। इस राजकीय यात्रा को जल्द से जल्द पुनर्निर्धारित किया जाएगा। राष्ट्रपति मैक्रों ने प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न को विशेष संवैधानिक शक्ति का उपयोग करने का आदेश दिया था। उनके इस आदेश के बाद संसद को सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 64 करने के अति विवादित विधेयक को बिना वोटिंग के मंजूरी दे दी गई थी। इसके बाद से देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक, देश के गृह मंत्री गेराल्ड डारमैनिन ने गुरुवार शाम बताया कि 149 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए और 172 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यूनियन नेताओं ने जनमत को पक्ष में रखने के लिए अहिंसक विरोध प्रदर्शन करने का आह्वाहन किया लेकिन पूरे फ्रांस के प्रदर्शनकारियों ने इस अपील को नजरअंदाज किया और पुलिस के साथ भिड़ गई। प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में आगजनी की।

फ्रांस में पेंशन सुधारों के खिलाफ बड़े पैमाने पर हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय की पेरिस की राजकीय यात्रा स्थगित कर दी गई है। राष्ट्रपति इमैनुएल के कार्यालय से एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, फ्रांस में मंगलवार 28 मार्च को पेंशन सुधार के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन की घोषणा को देखते हुए किंग चार्ल्स तृतीय की यात्रा स्थगित कर दी जाएगी। किंग की हमारे देश की यात्रा 26 से 29 मार्च तक के लिए निर्धारित थी। किंग को बुधवार को जर्मनी जाने से पहले सम्राट के रूप में अपनी पहली राजकीय यात्रा पर रविवार को फ्रांस आना था। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से बयान में कहा गया, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और किंग चार्ल्स तृतीय के बीच आज सुबह टेलीफोन पर बातचीत हुई, जिसके बाद फ्रांसीसी और ब्रिटिश सरकार ने यह फैसला लिया, ताकि किंग चार्ल्स तृतीय का स्वागत उन शर्तों के तहत किया जा सके जो हमारे दोस्ती के रिश्ते के अनुरूप हैं। इस राजकीय यात्रा को जल्द से जल्द पुनर्निर्धारित किया जाएगा। राष्ट्रपति मैक्रों ने प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न को विशेष संवैधानिक शक्ति का उपयोग करने का आदेश दिया था। उनके इस आदेश के बाद संसद को सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 64 करने के अति विवादित विधेयक को बिना वोटिंग के मंजूरी दे दी गई थी। इसके बाद से देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक, देश के गृह मंत्री गेराल्ड डारमैनिन ने गुरुवार शाम बताया कि 149 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए और 172 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यूनियन नेताओं ने जनमत को पक्ष में रखने के लिए अहिंसक विरोध प्रदर्शन करने का आह्वाहन किया लेकिन पूरे फ्रांस के प्रदर्शनकारियों ने इस अपील को नजरअंदाज किया और पुलिस के साथ भिड़ गई। प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में आगजनी की।

